सत्यमेव जयते

सं. 2-2/आईआईसीपीटी/संस्थान/2014-वॉल्यूम(2)
भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
पंचशील भवन, अगस्त क्रांति मार्ग
नई दिल्ली -110049

MOFPI
Ministry of Food Processing Industries
Government of India

तंजावुर, तमिलनाडु में स्थित भारतीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएफपीटी) में निदेशक के पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं । आईआईएफपीटी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त अनुसंधान – सह- शैक्षिक संस्थान है । यह संस्थान बी.टैक, एम.टैक, पीएचडी प्रोग्राम करवाता है और जैव-प्रसंस्करण, प्रक्रिया और उत्पाद विकास और खाद्य सुरक्षा तथा गुणवत्ता के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण, परिरक्षण, मूल्यवर्धन, उप-उत्पाद उपयोग हेतु प्रौद्योगिकियों की पहचान करने के लिए अनुसंधान करता है । संस्थान अल्पकालिक प्रशिक्षण और विस्तार भी करता है ।

इस पद के लिए अपेक्षित पात्रता शर्तें और अनुभव **संलग्नक-I** में दिए गए हैं । आवेदन में संलग्न **संलग्नक-II** में निर्धारित प्रोफार्मा को रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के जारी होने के 45 दिनों के भीतर निम्नलिखित पते पर पिछले 5 वर्षों के मूल्यांकन रिपोर्ट/एपीएआर की सत्यापित प्रतियां, मूल संगठन से अनापत्ति प्रमाण-पत्र, सर्तकता निकासी प्रमाण-पत्र और अन्य दस्तावेज (स्व-सत्यापित) के साथ भेजा जा सकता है:

श्री अशोक कुमार
संयुक्त सचिव,
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
भारत सरकार
पंचशील भवन, अगस्त क्रांति मार्ग,
नई दिल्ली -110049

यदि कोई उम्मीदवार उचित माध्यम से अपना आवेदन को अग्रेषित करने में देरी की आशंका करता है तो उसे अंतिम तिथि से पहले आवेदन की अग्रिम प्रति भेजनी होगी । आवेदन की सॉफ्ट कॉपी ईमेल पत्ता kuldeepkrsingh-cwc@nic.in पर भेजी जा सकती है ।

एसडी/-
(कुलदीप कुमार सिंह)
उप-सचिव (संस्थान),
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
दूरभाष सं. 011-26406510
ईमेल: kuldeepkrsingh-cwc@nic.in

संलग्नक-I

1. पद के संबंध में विवरण:

i. **पदनाम :** निदेशक

ii. **स्थान :** भारतीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान, तंजावुर, 613005, तमिलनाडु

iii. **वेतनमान :** 7वें सीपीसी के अनुसार लेवल 14

iv. **भत्ता :** भारत सरकार के नियमों के अनुसार

v. **आयु :** निर्धारित अंतिम तिथि की स्थिति के अनुसार 57 वर्ष से अधिक न हो (सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष है) । आयु सीमा निर्धारण करने के लिए निर्धायक तिथि भारत में उम्मीदवारों से आवेदन की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि होगी ।

vi. यह पद 5 वर्ष की अवधि के कार्यकाल तक अथवा 62 वर्ष की आयु पर सेवानिवृत्ति, जो भी पहले हो, तक भरा जाएगा ।

vii. **श्रेणी :** अनारक्षित

2. अनिवार्य योग्यताएं :

पोस्ट हार्वेस्ट प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रक्रिया इंजीनियरिंग, खाद्य इंजीनियरिंग, कृषि इंजीनियरिंग, खाद्य विज्ञान, खाद्य विज्ञान, खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, बायोकेमिस्ट्री, खाद्य प्रौद्योगिकी, खाद्य बायोटेक्नॉलाजी, कृषि अथवा रसायन इंजीनियरिंग/डेयरी इंजीनियरिंग अथवा खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों से संबंधित कार्य अथवा खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों में विशेषज्ञता के साथ विज्ञान के किसी अन्य शाखा के समान योग्यता ।

3. वांछनीय : अनुसंधान प्रबंधन विचार पद्धति में अनुभव ।

4. अनुभव

उपरोक्त विषयों में प्रधान वैज्ञानिक/प्रोफेसर के रूप अनुसंधान ग्रेड पे 10,000 रुपए पे-लेवल-14 में कम से कम 59 वर्ष का अनुभव।

या

प्रयोगशालाओं/संस्थान के क्षेत्रों/गतिविधियों में अनुसंधान और विकास में 18 वर्षों का अनुभव और उसमें नेतृत्व की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है।

उम्मीदवारों को अनुभव रखने के अपने दावे के समर्थन में सेवा विवरण का प्रमाण संलग्न करना चाहिए। सेवा प्रमाण संबंधित नियोक्ता से प्राप्त किए जाने चाहिए और उम्मीदवारों का नौकरी विवरण निर्दिष्ट करना चाहिए।

5. निदेशक के कार्यः

क) आईआईएफपीटी की अकादमिक अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों के मार्गदर्शन, प्रत्यक्ष, पर्यवेक्षण, प्रशासन और समन्वय की योजना बनाना।

ख) आईआईएफपीटी की शासी निकाय द्वारा सौंपे गए अन्य किसी कार्य का निर्वहन करना।

6. भर्ती का प्रकार

अनुबंध के आधार पर या समान अन्य संगठनों से प्रतिनियुक्ति सहित सीधी भर्ती ।

7. परिवीक्षा कालः- दो वर्ष

संलग्नक-II

1. बड़े अक्षरों में उम्मीदवार का नाम और पता
2. जन्म तिथि (ईस्वी सन् में)
3. केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि
4. शैक्षणिक योग्यताएं
5. क्या पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक और अन्य योग्यताएं तुष्ट हैं.

आवश्यक योग्यता/अनुभव	**अधिकारी के पास योग्यता/अनुभव**
आवश्यक (i) (ii)	
वांछित (i) (ii)	

6. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या ऊपर दी गई प्रविष्टियों के आलोक में आप पद की आवश्यकता को पूरा करते हैं।
7. अतिरिक्त जानकारी

क. शैक्षणिक योग्यता
ख. संबंधित क्षेत्र में अनुभव, विशेषज्ञता, अनुभव के क्षेत्र अर्थात संबंधित संस्थानों के नामो सहित अनुसंधान, प्रशिक्षण विस्तार और प्रशासन आदि को स्पष्ट और अलग से दर्शाया जाना चाहिए ।
ग. सुदूर क्षेत्रों में सेवा (सर्विस)/ वंचित क्षेत्र (दुर्गम क्षेत्र)
घ. मान्यताएं और पुरस्कार/विशेष प्राप्तियां
ङ. शिक्षण/अनुसंधान/विस्तार
च. अब तक प्रकाशित प्रकाशनों, पेपर की सूची, पुस्तकें (अलग शीट संलग्न करें)
छ. संस्थागत बिल्डिंग्स/सेवा कार्य/रिसोर्स जनरेसन
ज. संघ और संस्थानों की सदस्यता, यदि कोई हो (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों)
झ. पंजीकृत पेटेंट्स, यदि कोई हो

8. कालक्रम में नियोक्ताओं का संलग्ति विवरणः

क. अपने हस्ताक्षर के साथ विधिवत प्रमाणित अलग शीट

कार्यालय/संस्थान/संगठ	**धारित पद**	**कब से**	**कब तक**	**स्केल पे और मूल वेतन**	**कर्तव्यों का प्रकार**

9. वर्तमान रोजगार का प्रकार अर्थात तदर्थ और अस्थायी और स्थायी
10. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर धारित है, तो कृपया बताएं

क. प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि
ख. प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि
ग. मूल कार्यालय/संगठन का नाम , जिससे आप संबंधित हैं।

11. वर्तमान रोजगार का अतिरिक्त विवरण, कृपया बताएं कि निम्न के अंतर्गत कार्यरत हैं:
क. केंद्र सरकार
ख. राज्य सरकार

ग. स्वायत्त संगठन
घ. सरकारी उपक्रम
ङ. विश्वविद्यालय
च. अन्य

12. वर्तमान पे स्केल (पे बैण्ड/लेवल के साथ)
13. प्रतिमाह कुल परिलब्धियां
14. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता का समर्थन करना चाहते हैं (जगह अपर्याप्त होने की स्थिति में अलग शीट संलग्न करें)
15. क्या एससी/एसटी/ओबीसी से संबंधित है?
16. टिप्पणी, यदि कोई हो

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

पता............................

वर्तमान में नियोजित उम्मीदवारों के लिए:

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त विवरणों का सत्यापन किया गया है और सही पाया गया है तथा अधिकारी के विरुद्ध कोई सतर्कता मामला ना तो लंबित है और ना ही विचाराधीन है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा का सत्यापन भी किया गया है।

स्थान:

दिनांक:

कार्यालय मुहर के साथ विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर